संख्या-07/2025 /3860 /चार-2024-1753071

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक: 06 जनवरी, 2025**

विषयः- जनपद मथुरा में दिनांक 29-30 सितम्बर से 01-02 अक्टूबर, 2024 की अवधि में पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव के आयोजन पर हुए अतिरिक्त व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 3716/सं0नि0-15(34)/2024-25, दिनांक 21 दिसम्बर, 2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा जनपद मथुरा में पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव के आयोजन पर हुए अतिरिक्त व्यय रू0 99,903.00 की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध किया गया है।

2. अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या- 346/2024/ 2788 /चार-2024-1753071 दिनांक 25 सितम्बर 2024 द्वारा जनपद मथुरा में पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव के आयोजन हेतु रू0 24.00 लाख एवं रू0 16.98 लाख के उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त दिनांक 29-30 सितम्बर से 01-02 अक्टूबर, 2024 की अवधि में जनपद मथुरा में पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव के आयोजन के संबंध में महोत्सव समिति को आर्थिक सहयोग हेतु रू0 19.00 लाख (रूपये उन्नीस लाख मात्र) तथा संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराये जाने हेतु रू0 14.23 लाख (रू0 चौदह लाख तेईस हजार मात्र) अर्थात् कुल रू0 33.23 लाख (रू0 तैंतीस लाख तेईस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

3. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद मथुरा में दिनांक 29-30 सितम्बर से 01-02 अक्टूबर, 2024 की अवधि में पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव के आयोजन पर हुए अतिरिक्त व्यय रू0 99,903.00 (रू0 निन्यानवे हजार नौ सौ तीन मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल इस शर्त के साथ प्रदान करते हैं कि शासनादेश संख्या-346/2024/2788/चार-2024-1753071 दिनांक 25 सितम्बर, 2024 में उल्लिखित शर्तें यथावत् रहेंगी।

4. उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92-के अधीन लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति- 001-निदेशन एवं प्रशासन- 03- संस्कृति निदेशालय- -42- अन्य व्यय मद के नामे डाला जायेगा।

5. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

संख्या -07/2025 /3864 (1)/चार-2024-1753071 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. जिलाधिकारी, मथुरा, उ0प्र0।
3. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।